A SAMAGRA SHIKSHA, KERALA **809**

SECOND TERMINAL EVALUATION - 2019-20

STD. VIII Third Language **HINDI** **Time : 90 minutes** **Score : 40**

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'सुख-दुख' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

सुख-दुख के मधुर मिलन से
यह जीवन हो परिपूरन;
फिर घन में ओझल हो शशि
फिर शशि में ओझल हो घन!

1. कवि के अनुसार मानव-जीवन कैसे परिपूर्ण हो जाता है? 1

2. कवि और कविता का परिचय देते हुए उपर्युक्त पंक्तियों का **आशय** लिखें। 4

सूचना : 'इंद्रधनुष धरती पर उतरा' चित्र-कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें।

सप्तम : आकाश में रहते-रहते मैं ऊब गया हूँ। क्यों न धरती पर ही चला जाऊँ!!!
सप्तम सुंदर-सी घाटी में उतर आया। दिन भर घाटी में घूमता रहा। अंधेरा होने पर वह एक पेड़ के पास पहुँचा।

3. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। 1

मैं ऊब गया हूँ।	**तुम ऊब गए हो।**
मैं घाटी में आया हूँ।	तुम घाटी में ....।

4. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(रंगीला, खुशी से)



सूचना : 'पिता का प्रायश्चित' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।

> साढ़े पाँच घंटे तक मैं उनके पीछे-पीछे धीमी गति से कार चलाता रहा। और मेरे झूठ पर पिताजी को प्रायश्चित करते हुए देखता रहा। उस दिन मैंने जीवन का एक अहम निर्णय लिया– मैं कभी भी झूठ नहीं बोलूँगा।

5. अरुण गांधी ने निर्णय लिया- "मैं कभी झूठ नहीं बोलूँगा।" क्यों? 2

6. उस दिन अरुण गांधी और पिताजी देर से घर पहुँचे। माँ बेसब्री से उनका इंतज़ार कर रही थीं। माँ और अरुण गांधी के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

अरुण गांधी अपना दर्द दोस्त से बाँटे बिना नहीं रह सका। उसने मित्र को पत्र लिखा। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'मेरे बच्चे को सिखाएँ' पत्र का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 7 से 9 तक के उत्तर लिखें।

> उसे यह ज़रूर सिखाएँ कि मेहनत से कमाया एक पैसा भी हराम में मिली नोटों की गड्डी से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। उसे हारना सिखाएँ और जीत में खुश होना भी सिखाएँ।

7. प्रस्तुत खंड से '**परिश्रम**' का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें। 1

8. **सही** प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

   (क) हमें परिश्रम से धन कमाना चाहिए।

   (ख) हमें किसी भी तरह से धन कमाना चाहिए।

9. अब्रहाम लिंकन अपने पुत्र को क्या-क्या सिखाने का आग्रह करते हैं? 2

सूचना : 'बात उस मंगलवार की' डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।

> यही जंगल के बीच ये सभी मेरे क्लीनिक हैं। मुझे इसी तरह का डॉक्टर बने रहना है। यही काम मुझे अच्छा लगता है और इसी काम का मुझे रोज़ इंतज़ार रहता है।

10. चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. रमणी अटकुरी की विशेषताएँ क्या-क्या हैं? 2

11. निम्नलिखित शीर्षक पढ़ें और एक आदर्श डॉक्टर की विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें। 4

- चिकित्सा ही डॉक्टर का परम धर्म
- डॉक्टर ने खोली क्लीनिक जंगलों के बीच
- अस्पताल में डॉक्टर ने की इलाज बिना फीस के
- डॉक्टर ने की गरीबों की सहायता

अथवा

मान लें कि आप डॉ. रमणी अटकुरी से मिलने गए। अपने अनुभवों को **डायरी** के रूप में लिखें।

सूचना : दोहा पढ़ें और प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

> बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
> पंथी को छाया नाहिं, फल लागै अतिदूर।।

12. जो व्यक्ति परोपकारी नहीं है, उसकी तुलना किससे की गई है? 1

(क) आम के पेड़ से (ख) कटहल के पेड़ से

(ग) पीपल के पेड़ से (घ) खजूर के पेड़ से

13. सही मिलान करें। 4

खजूर का पेड़	सबकी भलाई है।
पेड़ों से हमें	कोई फायदा नहीं।
ज्ञान का लक्ष्य	छाया मिलती है।
मात्र बड़े होने से	लंबा होता है।

सूचना : 'डॉक्टर के नाम मज़दूर का पत्र' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

> हमें मालूम है
> अपनी बीमारी का कारण
> वह एक छोटा-सा शब्द है
> जिसे सब जानते हैं
> पर कहता कोई नहीं
> वह है 'गरीबी'

14. मज़दूरों की बीमारी का प्रमुख कारण क्या है? 1

15. प्रस्तुत कविता से संबंधित **चार** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

(i) बीमारों की रक्षा करना डॉक्टर का कर्तव्य है।

(ii) बीमारी और गरीबी में कोई संबंध नहीं।

(iii) शरीर के चिथड़े गरीबी को दिखाते हैं।

(iv) मज़दूरों को ज्यादा काम करना पड़ता है।

(v) आम जनता के पैसे से डॉक्टरी की शिक्षा चलती है।

(vi) मज़दूरों को पर्याप्त भोजन मिलता है।

सूचना : 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 16 से 18 तक के उत्तर लिखें।

> बूढ़ी महिला ने शाहंशाह को सलाम किया और कहा, "हुज़ूर, बुद्धिमान व्यक्ति जानते हैं कि सब कुछ सीख पाना संभव नहीं है। लेकिन सब को यह सीखना चाहिए कि अच्छा इंसान कैसे बन जा सकता है।"

16. नमूने के अनुसार लिखें। 1

बुद्धिमान व्यक्ति जानते हैं।	**बुद्धिमान व्यक्ति जानते थे।**
बूढ़ी महिला जानती है।	बूढ़ी महिला ....।

17. बूढ़ी महिला के अनुसार इनमें किसका अधिक महत्व है? 1

(क) ईमानदार रहना।

(ख) अच्छा इंसान बनना।

(ग) सच बोलना

(घ) ज्ञान प्राप्त करना।

18. सितंबर 14 हिंदी दिवस को आपके स्कूल में 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' कहानी का मंचन होनेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4